गुरुवार 20 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



पति ने अपने साथ पंजाब ले जाने से किया मना तो गुस्से में पत्नी ने दी जान 2






## राजगीर मलमास मेला का उद्घाटन, सीएम बोले

# देश में भाईचारे का माहौल रहे, इसका ख्याल रखें



बुधवार को राजगीर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

### ♦ सीएम नीतीश बोले... ऐसी मान्यता है कि मलमास के दौरान राजगीर में 33 करोड़ देवी-देवता वास करते हैं, इस कारण इसे पवित्र माना जाता है

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राजगीर के ब्रह्मकुंड परिसर में राजकीय राजगीर मलमास मेला-उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह के पूर्व सप्तधारा ब्रह्मकुंड में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेले को लेकर यहां काफी अच्छी व्यवस्था की गई है। श्री राजगृह तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति के सदस्यों ने अभी ब्रह्मकुंड से सूर्यकुंड तक सीधा फ्लाईओवर बनाने की मांग की है, इसके लिए जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि ऐसी मान्यता है कि मलमास के दौरान यहां पर 33 करोड़ देवी-देवता वास करते हैं, जिस कारण राजगीर नगरी को बहुत पवित्र माना जाता है और बड़ी संख्या में लोग उनसे आशीर्वाद प्राप्ति के लिए यहां आते हैं। मलमास मेले को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, पेयजल की सुविधा, आवागमन की सुविधा सहित सभी प्रकार की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है।

राजगीर में सभी धर्म, संप्रदाय से जुड़े विशिष्ट स्थलों को विकसित किया गया है। हम बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म और सभी इलाकों के विकास के लिए लगातार काम करते रहे हैं। जितना भी संभव है हम लोगों के विकास के लिए काम करते रहेंगे। राजगीर में मलमास मेले के दौरान 70 से 80 लाख लोग आते रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार 1 करोड़ लोग आएंगे। मलमास मेले के दौरान प्रशासन के सभी अधिकारी और आयोजक व्यवस्थाओं की बेहतर ढंग से मॉनीटरिंग करते रहें ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि राजगीर के साथ-साथ गया और बोधगया को भी विकसित किया गया है और राज्य के कई अन्य विशिष्ट स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है।

### नीतीश बोले... आज कल मीडिया पर नियंत्रण कर लिया गया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ही 'बिहारशरीफ का नामकरण किया। पहले इसे 'बिहार' के नाम से जाना जाता था। हम सभी क्षेत्रों के उत्थान और लोगों के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। बिहार गरीब राज्य है, फिर भी कई क्षेत्रों में बेहतर काम किया है, जिसकी सभी जगह प्रशंसा भी होती है और पुरस्कृत भी किया जाता है। मलमास मेले में आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजक सारे कार्य बेहतर ढंग से करें। हम सभी धर्मों की इज्जत करते हैं। देश में प्रेम और भाईचारे का माहौल रहे, इसका ख्याल रखना है। आज कल मीडिया पर नियंत्रण कर लिया गया है। हमारी बातें कम छपती हैं, जबकि उनकी फिजूल की बातें भी छपती हैं। लोकसभा चुनाव के बाद जब उनसे मुक्ति मिलेगी तो सभी मीडियाकर्मी स्वतंत्र होकर अपनी बात लिख सकेंगे। राजगीर से मेरा पुराना संबंध है। राजगीर के विकास के लिए और जो कुछ भी संभव होगा हम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मलमास मेले के लिए जो व्यवस्था यहां की गई है, आनेवाले श्रद्धालुओं को काफी अच्छा लगेगा। मलमास मेला में पधारने वाले सभी श्रद्धालुओं को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं और राजगीर की धरती को नमन करता हूं।

# आरा की लड़की को प्रेम जाल में फंसा ब्लैकमेल कर रहा था बांग्लादेशी

**केटी न्यूज/आरा**

आरा की छात्रा को प्रेम जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करने में भोजपुर पुलिस ने बांग्लादेश के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को गया रेलवे स्टेशन से दबोचा गया है। वह मूल रूप से बांग्लादेश के गोपालगंज जिले के कोटालीपाड़ा थाना क्षेत्र के धरावसाही गांव निवासी अधीर वैरागी का पुत्र अपूर्व वैरागी उर्फ दीपक कुमार है। उसके पास से पासपोर्ट, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान का आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक लड़की का आई कार्ड, मोबाइल और पेन ड्राइव बरामद किया गया है। वह काफी सालों से नवादा थाना क्षेत्र में रहता था और एक क्लिनिक में काम करता था। करीब

### भोजपुर पुलिस ने गया रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार

एक साल पहले वह मध्य प्रदेश के शिवपुरी चला गया था। फिलहाल वह एमपी के शिवपुरी में अपना क्लिनिक चला रहा था। उसके खिलाफ नवादा थाना में सीआरपीएफ जवान की बेटी को ब्लैकमेल करने का केस दर्ज है। उसके द्वारा एक-दो अन्य लड़कियों को भी प्रेम जाल में फंसाकर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने और पैसे ऐंठने की बात सामने आयी है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर की रहने वाली एक महिला द्वारा 19

### सावधान...बांग्लादेशी घुसपैठियों की आपकी बहन-बेटियों पर नजर

मई को शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि अपूर्वा नामक एक शख्स उनकी बेटी और भतीजे को कॉल कर गाली गलौज कर रहा है। बेटी का अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। अलग-अलग आइडी बना फेसबुक पर भी मैसेज कर रह है। शिकायत की जांच और आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। तकनीकी सूत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान के सहारे टीम उसके पीछे लगी थी। डीआईयू की टीम भी लगी थी। उसी क्रम में मंगलवार को पता चला कि वह गया की

### अब छोटे शहरों में भी अपनी पकड़ बनाने लगे हैं घुसपैठिये

ओर जा रहा है। उस आधार पर छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में यह बात सामने आयी कि उसने अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे एक-दो अन्य लड़कियों से भी पैसे ऐंठ लिए हैं।

मोबाइल और पेन ड्राइव के जरिए उसकी पूरी कुंडली खंगाली जा रही है। उसके पास से मिले पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और आई कार्ड की जांच की जा रही है। जांच में पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और आईडी कार्ड फर्जी निकला तो उस आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मेरी कोई इच्छा नहीं है, मुझे कुछ बनाया जाए : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ देशभर के भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में आयोजित विपक्षी एकता की दूसरी बैठक से लौटने के बाद अपने गृह जिला नालंदा पहुंचकर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा- कल तो अनेक पार्टियों की मीटिंग थी। वहां का मीटिंग करके हम चल दिए। कह ही दिया कि वह लोग हमारी सब बात तो मान लिया, इसलिए उठ कर चले आए। इसलिए कि मेरी इच्छा राजगीर की हो रही थी। राजगीर आने में देर हो रही थी, इसलिए हम बिहार आ गए हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि इसके अलावा और कोई बात नहीं है। पूरे तौर पर हम लोग साथ हैं।

मीडियाकर्मियों से बातचीत में नीतीश ने कहा कि मेरी नाराजगी या इंडिया नाम को लेकर एतराज पर कोई विरोधी कुछ प्रचारित कर रहा है तो उसे तरजीह नहीं दी जानी चाहिए। संयोजक बनाए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मेरी कोई इच्छा नहीं है कि मुझे कुछ बनाया जाए। सारे लोग एकजुट हों और देश के हित में काम हो, बस मेरी इतनी ही इच्छा है। एनडीए की बैठक पर नीतीश कुमार ने कहा कि इसका कोई मतलब ही नहीं है। आज से पहले एनडीए की कभी बैठक नहीं बुलाई गई। वर्ष 1999 में दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने एनडीए की बैठक बुलाई थी। अभी जब हम लोगों ने बैठक बुलाई तो एनडीए को भी याद आया। एनडीए के द्वारा कई लोगों को बुला-बुलाकर संख्या गिनाई जा रही है। हम लोगों की बैठक में जो पार्टी मूल रूप से है, उन लोगों की बैठक बुलाई गई थी। वहीं मुख्यमंत्री ने इशारों-इशारों में जीतन राम मांझी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हम लोग के साथ जुड़ गए थे। जिन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया, क्योंकि अगर वे लोग जुड़े रहते तो मीटिंग की बात लीक करते। हम लोग एकजुट हैं और मिलजुल कर आगे काम करेंगे।

### गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर शिकायत दर्ज

विपक्ष के गठबंधन का नाम इंडिया रखने पर दिल्ली के बाराखंबा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। अवीनीश मिश्र नाम के एक व्यक्ति ने विपक्ष की 26 पॉलिटिकल पार्टियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि इंडिया का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए नहीं किया जा सकता है। अवीनीश मिश्र ने अपनी शिकायत में कहा कि निजी फायदे के लिए इंडिया नाम रखा गया है, इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन के नए नाम पर कटाक्ष करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि अंग्रेजों ने देश का नाम इंडियाह्र रखा था और औपनिवेशिक विरासतों से राष्ट्र को मुक्त करने के लिए लड़ना चाहिए।

# अब बिहार के 12 शहरों में कटेगा ई-चालान

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना में स्मार्ट सिटी के तहत ई-चालान कटना लागू हो गया है। पटना और मुजफ्फरपुर में इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमेटिक चालान काटे जा रहे हैं। वहीं बिहारशरीफ में ई-चालान की सुविधा को शुरू करने के लिए ट्रायल चलाया जा रहा है। बता दें कि, बिहार के 12 शहरों में अगले महीने से मैनुअल चालान कटना बंद हो जाएगा। और इन 12 शहरों में भी



इलेक्ट्रॉनिक या ऑटोमेटिक चालान ही कटेंगे। भागलपुर, दरभंगा, गया, पूर्णिया, कटिहार, सारण, भोजपुर, बेगूसराय और मुंगेर में स्मार्ट पीओएस से 100 फीसदी ऑटोमेटेड चालान काटने की व्यवस्था की जा रही है। इसमें वाहन चालक को जुर्माना रसीद की जगह ऑटो जेनरेटेड चालान दिया जायेगा, जिस पर संबंधित ट्रैफिक नियम के उल्लंघन की तस्वीर भी दर्ज होगी। यह चालान वाहन मालिक ऑनलाइन भी देख सकेंगे।

मुजफ्फरपुर और पटना में ई चालान काटे जाने की शुरूआत हो चुकी है। इन शहरों में लगाये गये एएनपीआर, पीटीजेड और बुलेट कैमरों की मदद से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का ई-चालान काट कर वाहन मालिक के मोबाइल पर भेजा जा रहा है।




## योगी सरकार ने प्रदेश के 427 फार्मा कॉलेजों को किया ब्लैक लिस्ट

# यूपी से करना चाह रहे हैं फार्मा का कोर्स, तो रहें सावधान

**केटी न्यूज/पटना**

यूपी में अगर आप बी फार्मा या डी फार्मा करने के लिए कॉलेज में एडमिशन लेने की तैयारी कर रहे हैं तो अपने कॉलेज के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ले लें नहीं तो आपके साथ धोखाधड़ी हो सकती है, क्योंकि यूपी सरकार ने प्रदेश के 427 फार्मा कॉलेजों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन यूपी ने पहली बार राज्य में चल रहे शैक्षिक संस्थानों पर इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई की है।



दरअसल, पिछले काफी समय से प्रदेश में चल रहे फार्मा कॉलेजों को एनओसी दिए जाने में अनियमितताएं बरतने को लेकर प्रशासन को शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद योगी सरकार ने इस मामले की जांच के आदेश दिए गए। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों की देखरेख में कॉलेजों की जांच की गई, इस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे कॉलेज सामने आए, जिन्हें एनओसी दिए जाने में गलत एफिडेविट दिए थे। इनमें लखनऊ, अमेठी, मेरठ, बलिया समेत कई जनपदों के 427 फॉर्मा कॉलेज शामिल हैं। जिसके बाद इस सभी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

### इन जिलों के कॉलेजों को किया गया ब्लैक लिस्ट

यूपी में जिन फॉर्मा कॉलेजों को ब्लैक लिस्ट किया गया है उनमें सबसे ज्यादा कॉलेज पूर्वांचल में स्थित हैं। प्रशासन की ओर से ब्लैक लिस्ट किए गए फॉर्मा कॉलेजों की लिस्ट भी जारी की गई है। इनमें राजधानी लखनऊ के तीन फार्मा कॉलेज शामिल हैं, जिनकी एनओसी को रद्द किया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के 78 कॉलेज, मऊ के 33, गाजीपुर जिले के 32, मेरठ के 19, जौनपुर के 14, बरेली के 13, अंबेडकर नगर और चंदौली के 11-11, एटा के 10, अमेठी, सोनभद्र, मथुरा के 9-9 कॉलेजों की एनओसी रद्द की गई है। इसके अलावा कानपुर, गोरखपुर, हरदोई, बाराबंकी, बुलंदशर और सुल्तानपुर जनपदों के भी कई कॉलेज इस लिस्ट में शुमार हैं। इसके साथ ही इन पर कार्रवाई के लिए भी आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

### अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कर छात्रा को कर रहा था ब्लैकमेल

# कार्रवाई: आरा की छात्रा की शिकायत पर गया रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया बांग्लादेशी युवक

- 15 रोज पहले पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था आरोपित
- एमपी से गया के रास्ते पश्चिम बंगाल भागने की तैयारी में था अपूर्वा वैरागी उर्फ दीपक

**केटी न्यूज/आरा**

मूल रूप से बांग्लादेश का रहने वाला अपूर्वा वैरागी उर्फ दीपक कुमार कम उम्र की लड़कियों और छात्राओं को प्रेम जाल में फंसाने के बाद अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए ऐंठता था। उसी क्रम में उसने आरा की एक छात्रा को अपने जाल में फंसा लिया और धमकी दे रहा था। हालांकि भोजपुर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पश्चिम बंगाल भागने के दौरान उसे गया स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने करीब पंद्रह रोज पहले भी उसे गिरफ्तार किया था। तब वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि 19 मई को केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी को लेकर एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। प्राथमिकी के आधार पर टीम ने मध्यप्रदेश के शिवपुरी में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया था। रास्ते में नदी होने के कारण उसे नाव से लाया जा रहा था। रात में वह शौच करने की जिद करने लगा। उसके लिए उसे नाव से उतार कर बारिश और अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। उस मामले में उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद से ही टीम उसके पीछे लगी थी। तकनीकी सूत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर उसे गया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि वह पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान भागने की तैयारी में था।



**परिजनों और रिश्तेदारों की पहचान में जुटी पुलिस :** बांग्लादेश का रहने वाला अपूर्वा वैरागी उर्फ दीपक कुमार काफी समय से आरा में ही रहता था। उसके परिवार और कुछ रिश्तेदार भी विभिन्न जगहों पर रहते हैं। पुलिस उन सभी की पहचान और जांच कर रही है। उसके लिए उसके मोबाइल और पेन ड्राइव की पड़ताल की जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अबतक के अनुसंधान में यह बात सामने आयी है कि वह वैध तरीके से ही आरा आया था। उसके पासपोर्ट की वैधता की जांच की जा रही है। आई कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड की भी जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह कब और कैसे आरा आया है। अनुसंधान में यह भी पता चला कि उसने उसके रिश्तेदार पश्चिम बंगाल में रहते हैं। ऐसे में उसके परिजन और रिश्तेदारों के बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

### पुलिस के बड़े अफसरों से संबंध होने का धौंस दिखा छात्रा के परिजनों को भी धमकाता था

आरा। जिला मुख्यालय की क्लिनिक में काम करने वाला बंग्लादेशी नागरिक पुलिस विभाग के बड़े अफसरों से संबंध होने का धौंस दिखाकर छात्रा के घरवालों को धमका रहा था। उस कारण छात्रा के घर वाले चार-पांच माह तक डरे रहे। उसके बाद वह अलग-अलग फेसबुक आईडी से अश्लील मेसेज करने लगा। तब 19 मई को प्राथमिकी दर्ज कराया गया। छात्रा की मां और सीआरपीएफ जवान की पत्नी की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अपूर्वा नामक शख्स चार पांच माह पहले से कॉल कर अश्लील बातें और गाली गलौज कर रहा था। उसका कहना था कि उनकी बेटी का अश्लील फोटो उसके मोबाइल और पेन ड्राइव में है। वह बेटी का अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी रहा था। वह अपने को पुलिस विभाग के बड़े लोगों का रिश्तेदार बता रहा था। उस कारण चार-पांच माह तक परिवार डरा रहा। दो माह तक बेटी का मोबाइल भी बंद करा दिया गया था। इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अपूर्वा वैरागी उर्फ दीपक कुमार आरा की एक क्लिनिक में काम करता था। उसी क्रम में किसी तरह वह छात्रा के संपर्क में आया था। उस दौरान उसने छात्रा को प्रेम जाल में फंसा लिया और अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद पैसे ऐंठने के लिए वह छात्रा और उसके घरवालों को फोन कर धमकी देने लगा।

## चिढ़ाने से मना करने पर बुजुर्ग की पीट पीटकर हत्या, तीन आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बभनगांवा गांव में चिढ़ाने से मना करने पर एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। अपरोपितों ने बुजुर्ग को लाठी डंडे से पीटा और उसके बाद भी जब उनका मन नहीं भरा तो बुजुर्ग का सर दीवार से लड़ा दिया। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजनों द्वारा बुजुर्ग को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान ही उनकी मौत हो गयी। मृतक बभनगांवा गांव निवासी बिहारी मुसहर थे। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोस के तीन लोगों पर लगाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें उसी गांव के पिंटू मुसहर, श्रीभगवान मुसहर और धन कुमार मुसहर शामिल हैं। इधर, हत्या को लेकर बुजुर्ग के पुत्र अरुण मुसहर के बयान पर तीनों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।

अरुण मुसहर की ओर से दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि उसके पिता अपने दरवाजे पर बैठे थे। उसी समय पड़ोस के ही तीनों आरोपित दरवाजे पर पहुंचे और उन्हें चिढ़ाने लगे। उस पर उसके पिता गाली देने लगे। उससे गुस्साए तीनों आरोपितों ने उनकी पिटाई कर दी गयी और उनका सर दीवार से लड़ा दिया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें तत्काल आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## पुलिस की लाठी से नहीं भगदड़ के कारण हुई भाजपा नेता की मौत

जहानाबाद। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल कल्पा गांव जाकर स्व. विजय सिंह के शोककुल परिवार से मिलकर ढ़ाढस बंधाया। पूर्व मंत्री ने कहा की स्व. विजय सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनका स्वास्थ ठीक नहीं होने के बावजूद भाजपा के प्रदेश नेताओं ने उन्हें जबरन बिहार विधानसभा घेराव कार्यक्रम में बुलाया। उनके परिवार के सदस्य लाख मना करने पर भी उनके ऊपर इतना दबाब डाला की उन्हें न चाह कर भी जाना पड़ा। परिवार को जिस बात का भय था आखिरकार वही बात हुई। अवधेश सिंह ने कहा उनकी मृत्यु पुलिस के लाठी से नहीं अपितु भगदड़ में गिरने के बाद उनके ऊपर लोग के चढ़ के पार होने के कारण हुई है।

## पति ने अपने साथ पंजाब ले जाने से किया मना तो गुस्से में पत्नी ने ओढ़नी से फांसी लगा दी जान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव में बुधवार की सुबह पति द्वारा पंजाब ले जाने से मना करने से नाराज पत्नी ने महिला ने खुद्कुशी कर ली। पति से झगड़ करने के बाद उसने फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। मृत महिला लक्ष्मणपुर गांव निवासी छोटक गोड़ की 28 वषीर्या पत्नी पिंकी देवी थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। महिला के चचेरे भाई गोविंद गोड़ ने बताया कि पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से



अनबन चल आ रही थी। जिसे लेकर बुधवार की सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। उसके बाद गुस्से में आकर उनकी बहन ने गले में दुपट्टा बांध कर खुदकुशी कर ली।

उसके बाद बहन के पति द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर वे लोग उसके ससुराल लक्ष्मणपुर गांव पहुंचे। वहां देखा कि उसकी बहन का शव के आंगन में पड़ी थी। इधर, ओपी इंचार्ज अभय शंकर के अनुसार मृत महिला की सास द्वारा यूडी केस दर्ज कराया गया है। उसमें कहा गया है कि उनका बेटा छोटक गोड़ काम करने के लिए पंजाब जा रहा था। उसकी पत्नी भी साथ जाने की जिद कर रही थी। उसे लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद गुस्से में आकर उनकी बहू ने खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि पिंकी देवी की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी। वह अपने चार बहन और तीन भाई में चौथे स्थान पर थी। उसे दो पुत्री रेशमी, रिंकी और पुत्र रॉकी भी है।

## एक नजर

### ग्राम कॉम्पलेक्स भवन में 21 को होगा महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं महिला राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के निदेर्शानुसार 21 जुलाई को ग्राम कॉम्प्लेक्स समाहरणालय भवन जहानाबाद में महिला सशक्तिकरण विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। पहले यह कार्यक्रम 22 जुलाई को आयोजित होनी था। अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। प्राधिकार सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशन पर महिलाओं के संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य, नीति निर्देशक तत्व, संवैधानिक उपचार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, महिलाओं के स्वास्थ्य अधिकार, गिरफ्तार एवं बंदी महिलाओं के अधिकार, महिलाओं से संबंधित अन्य कानून, राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत प्रदत निशुल्क सहायता आदि अन्य विषयों पर जागरूकता के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में समाहरणालय के महिला पदाधिकारी, कर्मचारी गण, पुलिस अधीक्षक के अधीन कार्यरत महिला पदाधिकारी एवं महिला पुलिस, जिला बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आईसीडीएस ,के अधीन कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका के अधीनस्थ जीविका कर्मी आदि महिलाएं शामिल होगी। महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य कार्यक्रम निरंतर आयोजित की जा रही है।



### ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने अमथुआ पंचायत में योजनाओं का किया निरीक्षण

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ. एन. श्रवण कुमार ने जिले में भ्रमण कर ग्रामीण विकास विभाग योजना से संबंधित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने अमथुआ पंचायत अंतर्गत अमथुआ गांव के वार्ड नंबर 5 में मनरेगा योजना एवं समाज कल्याण विभाग के अभिसरण से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। अमथुआ गांव स्थित मनरेगा योजना से निर्मित अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत ममता देवी लाभार्थी का मनरेगा योजना से निर्मित पशु शेड का भी निरीक्षण किया। सचिव ने अमथुआ स्थित अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आमजन को सफाई अभियान अंतर्गत निर्धारित यूजर चार्ज देने का अपील किया। तत्पश्चात सचिव महोदय द्वारा कुर्रे पंचायत प्रखंड घोसी स्थित नवनिर्मित डब्ल्यूपीयू का निरीक्षण किया गया तथा ऑनलाइन माध्यम से जुड़े अन्य तीन नवनिर्मित डब्ल्यूपीयू का भी शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई हुलासगंज का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात सचिव महोदय की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के उपरांत सचिव महोदय द्वारा मानव दिवस के सृजन पर निरंतर कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एरिया ऑफिसर ऐप से ज्यादा से ज्यादा साइट इंस्पेक्शन करने का निर्देश दिया गया। सचिव महोदय द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत महिला मेट के उपयोग को प्रभावशाली बताया गया तथा इसे पूर्ण रुप से लागू करने का निर्देश उप विकास आयुक्त महोदय को दिया गया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण करने एवं समय पर भुगतान तथा वनपोषक को नियमित मानदेय देने पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।






## खबरें फटाफट

### जमीन विवाद में मारपीट, 14 पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के दखिनांव गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में छोटेलाल सिंह के पुत्र सुमन कुमार सिंह ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर 14 लोगों के खिलाफ मारपीट किये जाने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया है कि जमीन का नापी करा रहा था। नापी खत्म होने के बाद परशुराम सिंह, सुदामा सिंह, कन्हैया सिंह, मुरली सिंह सहित 14 लोग दरवाजे पर आ धमके और मारपीट शुरू कर दी, जिससे महिलाएं सहित कई परिवार के सदस्य जख्मी हो गये। जाते-जाते आरोपितों ने जान से मारने की भी धमकी दी है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इस मामले में दूसरे पक्ष के सुदामा सिंह के पुत्र परशुराम सिंह ने भी 15 लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

### विवाद में जमकर मारपीट, दंपति चोटिल

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजीरगंज गांव में विवाद को लेकर एक दंपति की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नाजीरगंज की रहने वाली प्रेमचंद्र राम की पत्नी सीता देवी ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में आवेदन देकर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं देर शाम अपने दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान संजय राम, फूलकुमारी देवी, शोभा कुमारी और सतेंद्र राम आ धमके और मेरे साथ मारपीट करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर पति दौड़े हुए आये और उनके आते ही चारों लोग उन पर हमला बोल दिया, जिससे वह जख्मी होकर गिर पड़े। मोहल्ले के लोगों के आने के बाद आरोपी वहां से भागे।

### इटाढ़ी में जुआ खेलते चार लोग गिरफ्तार

**बक्सर।** इटाढ़ी पुलिस ने स्थानीय बाजार के ग्रामीण बैंक के पास गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए जुआ खेलते चार युवकों को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने 55 हजार रूपए नगद के अलावे ताश के पत्ते भी बरामद किए है। गिरफ्तार जुआड़ियों में भोला तुरहा, विमलेश पाठक, मनोज कुमार व लाल बिहारी गोड़ शामिल है। इनमें तीन इटाढ़ी के जबकि मनोज कुमार डुमरांव का निवासी है। थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना पर यह छापेमारी की गई थी।

## किसानों की बढ़ी चिंता: अबतक 25 प्रतिशत भी नहीं हो सकी है रोपनी

# कैसे होगी रोपनी... ऐन वक्त पर रूठ गया मॉनसून, खेत सूखे, नहरों में भी पानी नहीं

- गरीब व सीमांत किसानों के लिए महंगे डीजल या बिजली के सहारे रोपनी कराना संभव नहीं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



धान की रोपनी का सबसे बढ़िया समय गुजर रहा है। लेकिन इस पिक आवर में खेतों में पानी नहीं है। जिस कारण किसानों के समक्ष रोपनी का सवाल खड़ा हो रहा है। मॉनसून के रूठने तथा नहर विभाग की उदासीनता से किसानों की चिंता बढ़ गई है। तल्ख धूप से खेतों में धूल उड़ रहा है। नहरों के टेल एंड के किसानों के समक्ष रोपनी की बात तो दूर बिचड़ो को बचाने की चिंता बढ़ गई है। एक पखवाड़े पहले हुई बारिश से खेतों में जो पानी जमा हुआ था वह कब का सूख चुका है। ऐसे में संपन्न व बड़े किसान तो ट्यूबवेल के सहारे रोपनी करा ले रहे है। लेकिन गरीब व सीमांत किसानों के लिए महंगे डीजल या बिजली के सहारे रोपनी कराना संभव नहीं हो पा रहा है। जिस कारण पिक ऑवर में धान की रोपनी उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रही है। एक तरफ किसानों को अपने बिचड़ो को बचाने की चिंता हो रही है तो दूसरी तरफ उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा है कि रोपनी कैसे होगी। वही दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन तथा नहर विभाग किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के प्रति उदासीन बना हुआ है।

कोरानसराय के प्रगतिशील किसान दयाशंकर तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार सिर्फ कागजों में कृषि को बढ़ावा देने की बात कहती है। लेकिन धरातल पर किसानों को कभी भी समय से पानी व खाद नहीं मिलता है। जिससे रोपनी भगवान भरोसे ही होती है। नंदन के राजीव कुमार ने बताया कि खेतों में पानी नहीं है तो रोपनी कैसे होगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल बिचड़ो को बचाने की चिंता परेशान कर रही है। सोनवर्षा के वरूण की माने तो रोपनी तो जैसे तैसे हो रही है लेकिन बारिश नहीं होने पर धान की फसल को बचाना बड़ी चुनौती होगी। वहीं खलवा ईनार के मनोज यादव, अरैला के अरबिंद राय, कसिया के बब्लू सिंह सरीखे किसानों ने कहा कि नहरों के टेल एंड तक पानी नहीं आने से रोपनी काफी प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि पानी के अभाव में हर साल उनकी खेती पिछड़ जाती है। जबकि सरकार सिर्फ कागजों पर ही घोषणाएं करती है। धरातल पर किसानों को समय से न तो बीज और खाद मिलता है और न ही सिंचाईं के साधानों को ही दुरूस्त किया जा रहा है। जिससे खेती किसानों के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है।

जानकारों का कहना है कि अबतक 25 प्रतिशत भी रोपनी नहीं हो सकी है। जिस कारण इस बार रोपनी का लक्ष्य पूरा करना संभव नहीं प्रतीत हो रहा है।

## एक नजर

### जंगली शिवजी मंदिर में आयोजित हुआ महारूद्राभिषेक व पार्थिव पूजन



**डुमरांव।** गुरुवार को नगर के पूर्वी छोर पर स्थित जंगलीनाथ शिव मंदिर में श्रावण मास व अधिमास के दुर्लभ संयोग पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण व महारूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। यह आयोजन रूद्र सागर सेवा संस्थान के बैनर तले आयोजित हुआ था। पार्थिव पूजन व महारूद्राभिषेक के सभी वैदिक विधान आचार्य पंडित विमलेश ओझा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक विद्वान पंडित विमलेश ओझा, पंडित चंद्रचूड़ ओझा, पंडित राधेश्याम द्विवेदी व पंडित रमेश द्विवेदी द्वारा पूरे दिन यजमानों से वैदिक विधान से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कराने के साथ ही 151 यजमानों के साथ सामूहिक रूप से महारूद्राभिषेक कराया गया। संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे ने बताया कि आयोजन की सफल रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया है। पार्थिव पूजन व महारूद्राभिषेक में शामिल होने वाले यजमानों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवाया गया था। जबकि आचार्य विमलेश ने बताया कि सुबह नौ बजे से महारूद्राभिषेक व पार्थिव शिव लिंग का निर्माण शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि यह विशेष पार्थिव पूजन तथा महारूद्राभिषेक दोपहर बाद संपन्न हुआ। इस दौरान सवा लाख पार्थिव शिव लिंग के निर्माण कराने के साथ ही 151 यजमानों को महा रूद्राभिषेक करवाया गया। आयोजन को सफल बनाने में रुद्रसागर सेवा संस्थान के सचिव रविशंकर के साथ मुख्य व्यवस्थापक राजेश सैनी, कोषाध्यक्ष अभिषेक तिवारी, अरुण तिवारी, अंशुमन चौबे, बालकृष्ण चौबे, विमलेश ओझा, विंध्याचल ओझा, मुन्ना ओझा, गुड्डू वर्मा, संजीव मिश्र समेत दर्जनों लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### जरूरतमंदों की सेवा ही है असली धर्म : एसडीएम

**डुमरांव।** स्थानीय शहर के एक सभागार में समाजसेविका विमला देवी और कृष्णा प्रसाद की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान 101 गरीब महिला व पुरुषों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के बतौर अतिथि डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, जिला स्थापना प्रभारी सह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, सीओ रघुवीर प्रसाद, थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम और डॉ शैलेश कुमार श्रीवास्तव आदि ने समाजसेवियों के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर उन्हें नमन किया। इस दौरान एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय समाज मे माता-पिता को भगवान का दर्जा दिया गया है। दुनिया मे सबसे खूबसूरत और प्यारा रिश्ता होता है तो वह मां और बच्चों का रिश्ता। मां त्याग और बलिदान की मूर्ति होती है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोग गरीबों की सेवा कर मानवता की अग्रहणी बने। गरीबों को अन्न और वस्त्र के अलावे इनकी जरूरतें पूरी करने से आत्म संतुष्टि मिलता है। इस दौरान अतिथियों ने आयोजक के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की और कहा कि स्वर्गीय दंपत्ति ने कोरोना काल में जरूरतमंदों की भरपूर सेवा की। इसके पूर्व आयोजको ने अतिथियों को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजक मंडल में पुत्र राजेश कुमार, पिंकी सिंह, दीपेश कुमार सोनी, सोनी कुमारी, प्रो डॉ सुभाष चंद्रशेखर, सुरेश यादव, पिंटू राय, श्यामजी प्रसाद गुप्ता, नारायण प्रसाद, संजय गोस्वामी, छठु प्रसाद जायसवाल के अलावे अन्य मौजूद थे।

## विश्वस्तरीय बनेगा बक्सर का रेलवे स्टेशन : डीआरएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को दानापुर मंडल के डीआरएम प्रभात कुमार बक्सर स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण करने के साथ अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। डीआरएम ने सबसे पहले बालासोर में हुए ट्रेन हादसा पर सतर्कता बरतने की अधिकारियों को सलाह दी और कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए रेलवे की सुरक्षा पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बक्सर समेत अन्य रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण तथा बक्सर रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाए जाने के लिए योजना बनी है, उस पर सेंट्रल रेलवे के द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही बोर्ड में इसका प्रेजेंटेशन होगा जहां से स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू होगा। बहुत जल्द इस स्टेशन से यात्रियों को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन की तरह सुविधा मिलेगी। डीआरएम ने बताया कि पिछले माह में एक अध्यन के तहत पाया गया कि पटना से बक्सर, पटना से मोकामा और पटना से जहानाबाद के लिए यात्री ट्रेनों की समय अवधि ठीक किए जाने की आवश्यकता है। जल्द ही बक्सर से पटना जाने के लिए यात्रियों के सुविधानुसार ट्रेनों का समय परिवर्तित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## राजपुर पहुंच डीडीसी ने प्रगतिशील किसान के फार्म हाउस व पोल्ट्री फार्म का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/राजपुर**



बुधवार को प्रखंड के प्रगतिशील किसान मिथिलेश पासवान के कृषि फार्म हाउस पर पहुंचे डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने निरीक्षण किया। फार्म हाउस में समेकित कृषि प्रणाली के तहत की गई खेती के विभिन्न पहलुओं की बिंदुवार जायजा लिया। लाखों की लागत से बने पोल्ट्री फार्म में पहुंचे अंडा देने वाली मुर्गी के पालन पोषण, रखरखाव एवं उनको समय पर दी जाने वाली आवश्यक दवाइयों की जानकारी से अवगत होने के बाद इनसे होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। डीडीसी ने कहा कि अन्य लोगों को भी इनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। किसानों को समेकित कृषि प्रणाली अपनाकर और अधिक आर्थिक तरक्की करने की जरूरत है। जिस तरह से हम मशीन के युग में अन्य उद्योग धंधों को स्थापित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में कृषि का बहुत बड़ा महत्व है। अगर किसान अपने खेत में अनाज का उत्पादन ना करें तो लोगों का जीविका चलाना भी मुश्किल हो सकता है। हर व्यक्ति को भी कृषि पर ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार, सहायक उद्यान निदेशक किरण भारती, बीडीओ सिद्धार्थ कुमार, बीपीआरओ ममता कुमारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।











## फाइलेरिया राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने जिले के लिए जारी किया गाइडलाइन

# बूथ लगाकर खिलाई जायेगी फाइलेरिया रोधी दवाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

10 अगस्त से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को लेकर गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। वहीं, एमडीए को सफल बनाने को लेकर राज्य स्तर पर भी तैयारियों का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। जिससे किसी भी स्तर पर कोई कमी न छूटे। एमडीए के सफल संचालन को लेकर राज्य फाइलेरिया विभाग के अपर निदेशक सह राज्य प्रोग्राम पदाधिकारी (एसपीओ) डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने जिलों के लिए गाइडलाइंस जारी की है। जिसमें उन्होंने एमडीए की तैयारियों व उसके संचालन को लेकर अभियान की बारीकियों से अवगत कराया है। जिसके तहत एसपीओ ने बक्सर समेत सभी 14 जिलों से समय पर नाइट ब्लड सर्वे की रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। इस आधार पर राज्य स्वास्थ्य समिति यह सुनिश्चित कर सके कि संबंधित जिले के किन-किन प्रखंडों में एमडीए का कार्यक्रम होगा। साथ ही संबंधित जिले में एमडीए से पूर्व जिलाधिकारी




के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों की दो बार जिला कोऑर्डिनेशन मीटिंग कराना भी सुनिश्चित किया जाए। जिससे जिले की तैयारियों की प्रगति का आंकलन किया जा सके।

**स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिड डे मिल के बाद खिलाई जाए दवा :** एमडीए का संचालन केंद्र सरकार के निर्देशानुसार ही किया जायेगा। जिसके तहत अभियान के प्रथम दिनों में बूथ लगाकर लाभार्थियों को दवा खिलानी है। इसके लिये अलग से माइक्रोप्लान बनाया जायेगा। सभी दलों के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ऐसे स्थान जहां पर लोग इक्कट्ठे होते हैं, वहां बूथ लगाया जायेगा। साथ ही, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मिड डे मिल के उपरांत ही दवायें खिलायी जायेंगी। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज, जिला एवं अनुमंडलीय अस्पताल, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 14 दिनों तक बूथ लगाया जाएगा। जिसका संचालन संबंधित संस्थान के स्वास्थ्य कर्मी करेंगे।

**अपने सामने ही दवा खिलाएंगे दलकर्मी :** प्रत्येक दल प्रतिदिन 30-50 घरों में एमडीए की दवा खिलायेंगे और अधिकतम 14 दिनों में एमडीए कार्यक्रम को माइक्रोप्लान के अनुसार संपन्न किया जायेगा। जिसमें प्रतिदिन छूटे हुये व्यक्तियों को पुनः भ्रमण करके दवा खिलायी जायेगी। साथ ही, 7वें और 14वें दिन पूर्ण रूप से रिविजिट करते हुये सभी छूटे हुये व्यक्तियों को दवा खिलायी जायेगी। दल कर्मी यह विशेष रूप से ध्यान रखेंगे कि किसी भी व्यक्ति को दवा बांटनी नहीं है , अपितु अपने सामने ही खिलानी है। प्रखंडों में स्थित कारागृह, सरकारी दफ्तर, अर्धसैनिक बलों के कैंप, कल-कारखानें, ईंट भट्टों इत्यादि को विशेष कार्ययोजना बनाकर कवर किया जायेगा।

### जिलाधिकारी ने ली संबंधित विभागों की बाढ़ से पूर्व की गई तैयारियों की जानकारी

# अधिकारियों, नागरिकों, गोताखोरों के साथ नाविकों का तैयार करें डाटाबेस: जिलाधिकारी

केटी न्यूज/मऊ



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील मोहम्मदाबाद गोहना के अतरारी, खैराबाद गांव में राहत चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से संबंधित सभी विभागों की बाढ़ से पूर्व की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों से भी जिलाधिकारी ने बाढ़ एवं सामान्य दिनों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राहत चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को शासन के निदेशानुसार बाढ़ से संबंधित कार्य में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, आपदा मित्रों, नागरिक सुरक्षा, गोताखोरों नाविकों एवं अन्य वालंटियर के मोबाइल नंबर तथा पते की डायरेक्टरी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित व संवेदनशील ग्रामों के न्यूनतम 30 लोगों के नाम और मोबाइल नंबर का संग्रह कर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने को भी कहा। जिसमें मौसम संबंधी चेतावनी, नदियों के जलस्तर की रियल टाइम जानकारी के साथ ही नजदीकी शरणालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि की भी जानकारी साझा की जा सके।

**उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें :** जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित गांव के लोगों से नियमित संवाद करने तथा बाढ़ के दौरान सावधानियां बरतने हेतु जानकारियां साझा करने को कहा। जिलाधिकारी ने लाइफ जैकेट एवं बाढ़ के समय प्रयोग होने वाले अन्य उपकरणों की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को दिए। चिकित्सा विभाग की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने 0 से 5 वर्ष के समस्त बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा एवं एएनएम को गांव का नियमित विजिट करने को भी कहा। पशुपालन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आसपास के गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसे एवं चारे की व्यवस्था करने तथा क्षेत्र में पशुओं से संबंधित टीकाकरण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम विकास विभाग को बाढ़ संवेदनशील गांव की नियमित साफ-सफाई, समस्त हैंडपंपों को ठीक करने, सड़कों एवं नालियों की सफाई तथा समस्त स्ट्रीट लाइट को ठीक रखने के निर्देश दिए। कृषि विभाग द्वारा बाढ़ के दौरान किए जाने वाले कार्यो की तैयारी की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में फसलों की क्षति होने पर किसानों को लाभ मिल सके।

**ग्रामीणों से बाढ़ एवं सामान्य दिनों में आने वाली समस्याओं की ली जानकारी:** जिलाधिकारी ने खाद एवं रसद विभाग को नियमित खाद्यान्न वितरण करने तथा बाढ़ के दौरान पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न एवं मिट्टी के तेल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित ग्रामीणों से बाढ़ एवं सामान्य दिनों में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। स्थानीय लोगों द्वारा सड़क पर खंभा टूटने, गलियों में जलजमाव की स्थिति, नदी से मिलने वाले नाला सफाई न होने,अटल लाइब्रेरी की स्थापना अभी तक न होने,सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, अधिक बिजली बिल भेजे जाने, कच्चे नाले को पक्के नाले में बदलने तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क पर पैचअप कार्य कराए जाने की मांग की गई।अधिकतर ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतें संज्ञान में लाए जाने पर जिलाधिकारी ने विभाग के संबंधित जेई को चौपाल के उपरांत क्षेत्र में भ्रमण कर जर्जर तार, टूटे खंभे एवं अधिक बिजली बिल की शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## ऑनलाइन कारोबार को प्रतिबंधित करने की उठाई मांग

मऊ। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला कमेटी की बैठक कैंप कार्यालय अलाउद्दीनपुरा मऊ में जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर की अध्यक्षता में हुई। जिस का संचालन जिला उपाध्यक्ष फतेह बहादुर गुप्त ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर समेत जनपद के सभी सक्षम व्यापारियों से अपने दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं गोदामों तथा इनके बाहर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। यह समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। सीसीटीवी कैमरा सभी व्यापारियों के सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी एवं उपयोगी है । इससे अपराध रोकने तथा अपराध के खुलासे में बहुत ही मदद मिलती है। इस कारण व्यापार मंडल सभी व्यापारियों से अनुरोध करती है कि सीसीटीवी कैमरा अपने प्रतिष्ठान पर जरूर लगवां ले। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मऊ नगर के बंधा रोड पर ढेकुलिया घाट के पास तथा सदर चौक से लेकर संस्कृत पाठशाला तक विद्युत के तार बहुत ही जर्जर हो गए हैं, अक्सर तार टूटकर सड़क पर गिर जाते हैं। जिससे जान माल का खतरा बना रहता है। इस को बदलने की व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग से मांग किया। बैठक को संबोधित करते हुए आईटी मंच के प्रदेश महामंत्री आनंद ओमर ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार पर पूरी तरह से केंद्र सरकार को प्रतिबंध लगाना चाहिए।

## एक नजर

### परमहंस नाथ शिव मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



**बलिया।** सावन मास के श्रावण शुक्लपक्ष द्वितीया पर हवनात्मक महारूद्र यज्ञ सह संगीतमय शिव महापुराण कथा को लेकर बुधवार को ग्राम सभा परिखरा स्थित बाबा परमहंस नाथ शिवमंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जहां इस कलश यात्रा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में कुंवारी कन्याएं, महिलाएं व पुरूष शामिल रहें। वहीं काशी से आए हुए परम पूज्य बाल ब्यास महराज शशिकांत महराज जी के नेतृत्व में मंदिर प्रांगण में बाबा परमहंस नाथ का परिक्रमा करते हुए तिखमपुर, मंडी गेट, पालिटेक्निक गेट और गांव के स्थित सभी देवी व देवताओं का दर्शन और भ्रमण किया। भ्रमण के बाद कलश शोभायात्रा महाबीर घाट के लिए रवाना हो गई। जहां महाराज जी द्वारा मंत्रोचार के साथ विधिवत तरीके से संकल्प के बाद श्रध्दालुओं ने कलश में जलभरी कर भगवान शिव का जयकारा लगाते हुए मंदिर के लिए प्रस्थान कर दिये। इस दौरान सैकडों उंट, घोडों व गाजे बाजे से सजे कलश यात्रा का दृश्य अत्यंत ही मनमोहक दिख रहा था। जिससे वहां के आसपास का भी माहौल भक्तिमय हो गया था। वही जगह जगह पर गांव के विभिन्न गणमान्यों के द्वारा श्रध्दालुओं के लिए पानी व शर्बत की व्यवस्था किया गया था। बतातें चलें कि नौ दिवसीय हवनात्मक महारूद्र यज्ञ के साथ शामं छः बजे से लेकर रात्रि दस बजे तक महाराज जी द्वारा 20 से 27 तक संगीतमयी शिव महापुराण कथा और 28 से 29 तक सुमधुर राम कथा किया जायेगा। इसके साथ ही 30 को भव्य भण्डारा एवं भजन संध्या का श्रवण होगा। जिसके लिए भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। जहां क्षेत्र के चतुर्दिक दिशा से आए हुए श्रध्दालु गण कथा को सुनकर अपने जीवन को धन्य बना सकेंगे।

### पिकअप चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, अधेड़ महिला की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के दरामपुर पेट्रोल पंप के पास बुधवार की शाम पिकप के धक्के ई-रिक्शा सवार एक अधेड़ महिला की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ई-रिक्शा चालक व एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने ई-रिक्शा चालक को बीएचयू के लिए रेफर कर दिया। वहीं घायल महिला का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ई-रिक्शा चालक मलकपुरा निवासी मेराज 40 माल्देपुर से सवारी लेकर फेफना की तरफ जा रहा था, अभी दरामपुर गांव के पास पहुंचा ही था कि बलिया की ओर से जा रही तेज रफ्तार पिकप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा में सवार खोड़ापाकड़ निवासी उषा खरवार 55 वर्ष पत्नी उमेश खरवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ई-रिक्शा में बैठी मुन्नी देवी 35 पत्नी बृजेश खरवार निवासी खोड़ीपाकड़ के साथ ही ई-रिक्शा चालक मेराज गंभीर रूप से घायल हो गए। मेराज को जहां वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया, वहीं मुन्नी देवी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



## पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध पति ने मौत को लगाया गले

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के पीलूई गांव में बुधवार की दोपहर एक युवक ने अपने रूम में पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पंखे के हुक से लटके युवक के शव को देखकर परिजनों के होश उड़ गए। इसकी सूचना किसी ने मनियर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के विषय में बताया जा रहा है कि युवक अपनी पत्नी अंशु देवी की बेवफाई से दुःखी था। वह गुजरात के सूरत शहर में प्राइवेट नौकरी करता था वहीं पर उसके पड़ोस का युवक भी रहकर मजदूरी करता था। मृतक युवक ने उक्त युवक से कहा था कि मेरी पत्नी को गांव जा रहे हो तो लेते आना। वह लेकर उसकी पत्नी को सूरत पहुंचा। दोनों के बीच पहले से ही अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर मृतक अपनी पत्नी की पिटाई किया था जिसके वजह से उसकी पत्नी उक्त युवक के साथ बीते 17 अप्रैल 2023 को गुजरात से ही कहीं भाग गई थी । वह अपने साथ अपने दो बच्चे आर्यन 6 वर्ष व आनंद 5 वर्ष को भी लेकर गई है । इधर पत्नी की खोजबीन में वह काफी परेशान था। आखिर बेवफा पत्नी एवं बच्चे न मिलने के बाद युवक ने खौफनाक कदम उठाया और फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली।

## रेलवे स्टेशन से दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के निर्देशन में अपराध व अपराधियों विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में रेवती पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने धारा 323, 504, 506, 308 भादवि से संबंधित दो वांछित अभियुक्तों को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब दोनों कही भागने की फिराक में रेवती रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। दोनों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इसी बीच, मुखबीर की सूचना पर वांछित अभियुक्त निर्भय पाण्डेय पुत्र जवाहर पाण्डेय व सत्य प्रकाश पाण्डेय पुत्र भरत पाण्डेय (झरकटहा, थाना रेवती, बलिया) को रेलवे स्टेशन रेवती से गिरफ्तार कर लिया गया।

## जनपद के किसानों की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से हो: जिलाधिकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस की बैठक आयोजित की गई जो प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को मनाया जाता है। इसमें किसानों ने जिलाधिकारी से अपने समस्याओं को बताया। उन्होंने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता के चलते हैं बुवाई लक्ष्य से कम हो रहा है जुलाई में बारिश 79 मिलीमीटर के सापेक्ष सिर्फ 34 मिली मीटर ही हो पाई है पानी का लेवल नीचे चला गया है। किसानों ने मांदा सब स्टेशन की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारी को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान जिले में प्रतिबंधित दवाएं और नकली जैविक खाद बिकने की बात सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी और रसायन एवं उर्वरक विभाग के अधिकारी को संयुक्त अभियान चलाकर जांच कर डीलरों और दुकानदारों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सोसाइटी और दुकानदारों के लाइसेंस रिनुअल संबंधी रिपोर्ट मांगी और कहा कि डीलर और खाद बेचने वाले कंपनियों के मालिकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाए। जिलाधिकारी ने



विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि सौभाग्य योजना के अंतर्गत जिन गांव में विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है उससे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की फसलो में होने वाली क्षति का सर्वे बीमा कंपनी के जिला मैनेजर को करने का निर्देश दिया जिससे किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग और बिजली विभाग में व्यापक सुधार की जरूरत है। किसानों की समस्या का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## तस्करी कर बिहार जा रही लाखों रुपए मूल्य की शराब पुलिस ने किया बरामद

केटी न्यूज/बलिया



बैरिया थाने की पुलिस ने तस्करी कर बिहार ले जा रहे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर ठेकहा पुल के पास से उस समय बरामद कर लिया जब पिकअप पर शराब लादकर शराब तस्कर बलिया से बिहार के मुजफ्फरपुर ले जा रहे थे। उनके पास से लगभग दस लाख की अंग्रेजी शराब के साथ एक 315 बोर का तमंचा दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शराब लदी पिकअप जब्त कर लिया है।

उक्त जानकारी देते हुए एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बलिया से शराब लादकर पिकअप से तस्कर बिहार ले जा रहे थे, कि मुखबिर की सूचना पर उनकी घेराबंदी कर ठेकहा पुल के पास से शराब लदी पिकअप को कब्जे में लेकर रणजीत कुमार तिवारी ग्राम सिकन्दपुर जिला मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएचओ ने बताया कि पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें अफसर चॉइस व्हिस्की 180 एमएल 65 पेटी, एट पीएम व्हिस्की 60 पेटी,रॉयल स्टैग 10 पेटी बरामद किया गया है। जो कुल 1330.48 लीटर है। चालक के बयान पर रसड़ा के संजय, मुजफ्फरपुर बिहार के श्याम व वाहन स्वामी सहित शराब की बोतल पर लगे बारकोड के जांच के आधार पर संबंधित अनुज्ञापी पर भी मामला दर्ज किया गया है।एसएचओ ने बताया कि पिकअप पर भी दो नंबर प्लेट लगा हुआ है। एक यूपी 70 डीजे 1941 व बीआर 06 जिए 7699 इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पिकअप भी चोरी की है। जिसका इंजन नंबर चेचिस नंबर उड़ा दिया गया है। इसकी भी जांच बारीकी से की जा रही है।

## पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के राजकीय बालिका विद्यालय चितबड़ागांव गांव के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार है, पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर थाने ले गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र के औदी- पियरिया निवासी मनजीत राजभर गाजीपुर से अपने घर आ रहा था कि इस दौरान राजकीय बालिका विद्यालय चितबड़ागांव के सामने बलिया से गाजीपुर की तरफ जा रही है पिकअप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक एवं पिकअप इलाहाबाद की बताई जा रही है। चितबड़ागांव में बुधवार और रविवार को मंडी बाजार का दिन रहता है और आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के पीछे मुख्य कारण सड़क के दोनों तरफ फल विक्रेताओं का अतिक्रमण है।




### अभिभावकों के खाते में भेजे गए 19.46 करोड़, परिषदीय स्कूलों के एक लाख 62 हजार

## कायाकल्प योजना के तहत बदल गई है विद्यालयों की काया

केटी न्यूज/बलिया



जिले के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को बुधवार को 19 करोड़ 46 लाख 25,600 रुपए भेजे गए। यह धनराशि मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के शुभारंभ करते ही उनके खाते में पहुंच गई। इससे एक लाख 62 हजार 188 बच्चे लाभान्वित होंगे। अभिभावक अपने पाल्यों के लिए यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, मौजे व स्टेशनरी खरीद सकेंगे। लखनऊ में हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार व सभी ब्लॉक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) पर किया गया। कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्राथमिक शिक्षा के स्तर में काफी सुधार हुआ है। कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों की काया बदल गई है। परिषदीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षक काफी योग्य है और इसका असर भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शिक्षा सबसे ऊपर है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी पूरे मनोयोग से निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में मौजूद नगरपालिका चेयरमैन संत कुमार उर्फ मिठाई लाल ने प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वह नगर के पांच सरकारी विद्यालयों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करेंगे। इसकी शुरूआत बहुत जल्द नगर के एक विद्यालय से होने जा रही है। उन्होंने विभागीय लोगों को भरोसा दिलाया कि नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के लिए जिस चीज की भी आवश्यकता होगी, वह उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**शिक्षकों के कंधे पर राष्ट्रीय निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह ने शिक्षक से कहा कि उनके कंधों पर राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है इसे समझते हुए वह अपना योगदान दें। प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में करीब दो करोड़ बच्चे पढ़ते हैं अगर इनका बौद्धिक विकास नहीं होगा तो देश प्रगति नहीं कर पाएगा। कार्यक्रम में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों के बच्चों अभिभावक भी आये थे।

### डीएम ने पौधरोपण एवं गंगा समिति की बैठक में ली प्रगति की जानकारी

# जिले में 15 अगस्त तक 4.91 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य पूरा करें: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर जनपद स्तरीय पौधरोपण एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएफओ ने बताया कि पौधरोपण का कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न किया जाना है, जिसके तहत कुल 31.53 लाख पौधरोपण का कार्य किया जाना है। प्रथम चरण 22 जुलाई को कुल 26.62 लाख एवं द्वितीय चरण 15 अगस्त को कुल 4.91लाख पौधारोपण का लक्ष्य जनपद हेतु निर्धारित है। इसके तहत पर्यावरण विभाग हेतु 141000, ग्राम विकास विभाग हेतु 1079000, पुलिस विभाग हेतु 38180, औद्योगिक विकास विभाग हेतु 4000, नगर विकास विभाग हेतु 16000, लोक निर्माण विभाग हेतु 10000, सिंचाई विभाग हेतु 10000, कृषि विभाग हेतु 181000 पशुपालन विभाग हेतु 3000, सहकारिता विभाग हेतु 4060, उद्योग विभाग हेतु 7000, विद्युत विभाग हेतु 2520, माध्यमिक शिक्षा हेतु 5000, बेसिक शिक्षा हेतु 9000, प्राविधिक शिक्षा हेतु 4000, उच्च शिक्षा हेतु 14000, स्वास्थ्य विभाग हेतु 8000,परिवहन विभाग हेतु 1900,उद्यान विभाग हेतु 113000 तथा श्रम विभाग हेतु कुल 2000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**लापरवाह अधिकरियों पर होगी कार्रवाई :** जिलाधिकारी ने विभाग बार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढों की खुदाई एवं पौधे उठान की विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को विभाग बार गड्ढे की खुदाई एवं पौधे उठान से संबंधित प्राप्त रिपोर्टों की स्थलीय जांच करने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को वृक्षारोपण कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए शत प्रतिशत वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम शासन की प्राथमिकता में शामिल है। अतः इसको लेकर किसी तरह की लापरवाही ना बरतें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी जिलाधिकारी द्वारा दी गई। वृक्षारोपण के साथ ही जियो टैगिंग का भी कार्य किया जाना है। इस हेतु हरीतिमा ऐप पर पौधारोपण का टैगिंग कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने समस्त विभाग अध्यक्षों को वृक्षारोपण के साथ ही जियो टैगिंग का कार्य भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## विक्षिप्त युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के नंदगंज-आंकुसपुर रेलवे स्टेशन बीच आंकुत्रसपुर गांव के पास लहुरीकाशी ढाबा के पीछे सोमवार की रात किसी ट्रेन की चपेट में आने से राजेश यादव-31 नामक युवक की मौत हो गई। परिजन के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। थाना क्षेत्र के आंकुसपुर गांव के पास लहुरीकाशी ढाबा के पीछे रेलवे ट्रैक पर मिली लाश की शिनाख्त थाना क्षेत्र के मुड़वल लटवा निवासी राजेश कुमार यादव (30) पुत्र रघुनाथ यादव के रुप में हुई। मृतक के परिजनों के अनुसार राजेश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह घर से सोमवार की शाम घर से बाहर निकला था। कुछ समय बाद खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिला। आज सुबह जानकारी होने पर थाने में आकर उसकी शिनाख्त की गई। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया की परिजन के अनुसार मृतक राजेश की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

## समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिला कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मुहम्मदाबाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. जनक कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लॉक और नगर की समस्याओं को लेकर मुहम्मदाबाद एसडीएम शालिक राम से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से नगर में पेयजल की समस्या के साथ-साथ पानी निकासी एवं बिजली के जर्जर तार की समस्याओं के निदान के लिए कहा गया।

साथ ही, शाहनिन्दा से जाने वाली महादेवा मंदिर के रोड़ पर अतिक्रमण कर शौच का पानी रोड पर जा रहा है। साथ ही डाक बंगला की रोड पर पानी का निकासी न होने के कारण गंदे पानी का जमाव लगा हुआ है। जिससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने का भय व्याप्त है। मुहम्मदाबाद एसडीएम ने तत्काल रूप से निदान करने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ जनक कुशवाहा ने कहा कि पूर्वांचल के विकास में ओमप्रकाश राजभर पूर्णरूप से बाधक है उन्हें केवल अपने परिवार को लेकर राजनीति करने का प्रयास करते हैं अन्य पिछड़ा वर्ग और दलितों का वोट लेकर के उनके धोर विरोधी मनुवादियों से हाथ मिलाते हैं, जो दलित और पिछड़ों के ऊपर अत्याचार करने का प्रयास करते रहते हैं।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात बुजुर्ग की मौत

चंदौली। पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल अंतर्गत धीना थाना क्षेत्र के बहोराचंडील हाल्ट रेलवे स्टेशन व पिपरदहा रेलवे क्रॉसिंग के मध्य पोल संख्या 717/9/10 दोनों ट्रैक के बीच किसी ट्रेन से गिर कर एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। धीना स्टेशन मास्टर के सूचना पर घटना स्थल पर धीना पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक लुंगी व फुल शर्ट पहने हुए था।मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष के आस पास बताई जा रही है। थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि स्टेशन मास्टर धीना की सूचना मिलने पर मौके पर प्रभारी निरीक्षक धीना सत्येंद्र कुमार,एस आई दीना नाथ दुबे, एस आई हरिनाथ यादव के साथ हमराहियों को लेकर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ऐसा लगता है कि किसी ट्रेन से गिर कर सिर हाथ में गंभीर चोट लगने से मौत हुई है।








